



## एक नजर में

### कसरावद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव-नियुक्त जिला पदाधिकारियों का किया भव्य स्वागत



**कसरावद, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी खरगोन में कसरावद से तीन प्रमुख कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।पार्टी संगठन द्वारा मांगीलाल गाडगे को जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र यादव को जिला उपाध्यक्ष एवं प्रकाश पाटीदार को जिला महामंत्री नियुक्त किए जाने पर कसरावद के रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर तीनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल गाडगे ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व तथा जिला अध्यक्ष के विश्वास के कारण कसरावद को दो उपाध्यक्ष और एक महामंत्री का प्रतिनिधित्व मिला है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह है और आने वाले समय में खरगोन जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर विजय के लिए संगठन पूरी मजबूती से कार्य करेगा।जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह पद नहीं बल्कि दायित्व है, जिसे पार्टी नेतृत्व ने सौंपा है।उन्होंने सांसद, प्रदेश व जिला नेतृत्व तथा समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।वहीं जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि संगठन और शासन के बीच समन्वय बनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, नगर पालिका सहित सभी शासकीय क्षेत्रों में बेहतर कार्य किए जाएंगे। पांचों मंडल अध्यक्षों और जिला पदाधिकारियों के साथ मिलकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने बिस्टान में आवास स्वीकृति एवं धारणाधिकार पट्टे के प्रमाणपत्र वितरित किए



**बिस्टान, निप्र।** नगर परिषद बिस्टान (जिला खरगोन) में भाजपा अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व खरगोन सांसद श्री गजेंद्रसिंह जी पटेल के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं धारणाधिकार के पट्टों का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। पीएम आवास 2.0 (शहरी) अंतर्गत 230 आवास स्वीकृति एवं धारणाधिकार के 187 परिवार को पट्टे के प्रमाणपत्र दिए गए। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। हम सभी का संकल्प है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुगन कौर जी जाधव, जिला मंत्री व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री चंदरसिंह जी वास्कले, जिला मीडिया प्रभारी श्री प्रकाश भावसार, नगर परिषद अध्यक्ष श्री डेमसिंह जी नार्वे, जनपद अध्यक्ष श्री महेंद्र जी किराड़े, बिस्टान मंडल अध्यक्ष श्री बंटी राठौर, महामंत्री श्री दिनेश सोलंकी, सिरवेल मंडल अध्यक्ष श्री रुपेश जी मालवीय, जनपद उपाध्यक्ष श्री संदीप जी राठौर, सभापति श्री प्रहलादसिंह जी वास्कले, श्री विक्रम जी राठौर, श्री प्रहलाद जी पटेल, श्री प्रवीण जी कुशवाह, श्री मांगीलाल जी राठौर, श्री विष्णुसिंह जी, श्री पुरुषोत्तम जी गुप्ता, श्रीमती मनोरमा दीक्षित, श्री जयनारायण जी गुप्ता, श्री लक्ष्मी नारायण जी, श्री दूरसिंह जी, श्री ओमप्रकाश जी तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, देवतुल्य कार्यकर्ता एवं हितग्राही परिवारजन उपस्थित रहे।

### निमाड़ संभाग गठन की मांग को लेकर परिसीमन आयोग सदस्य मुकेश शुक्ला से मिला निमाड़ महासंघ प्रतिनिधिमंडल

**खरगोन, निप्र।** निमाड़ क्षेत्र की भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक विशिष्टता को दृष्टिगत रखते हुए पृथक 'निमाड़ संभाग' के गठन की मांग को लेकर निमाड़ महासंघ विकास समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मध्य प्रदेश परिसीमन आयोग के सदस्य मुकेश शुक्ला से भेंट कर ज्ञापन सौंप विस्तार से चर्चा की।निमाड़ महासंघ विकास समिति सचिव कृष्णकांत रोकड़े ने बताया कि निमाड़ संभाग गठन की मांग कोई नई नहीं है,निमाड़ महासंघ जो कि सर्व-धर्म, जाति, संप्रदाय से सरोकार रखने वाले निमाड़ीजनों की साझा भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है। काबिलेगौर हो कि निमाड़ महासंघ प्रमुख संजय रोकड़े के साथ ही अंचल के प्रबुद्ध जनों द्वारा सन् 2012 से लगातार निमाड़ संभाग की मांग जा रही है। यह मांग लंबे समय से क्षेत्र की जन भावनाओं से जुड़ी हुई है। इस संदर्भ में रोकड़ेजी ने बताया कि वर्तमान में निमाड़ क्षेत्र के जिले इंदौर संभाग में सम्मिलित हैं, जबकि निमाड़ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना, निमाड़ी भाषायी पहचान, सांस्कृतिक परंपराएँ एवं सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ इंदौर-मालवा क्षेत्र से भिन्न हैं।अनेकों बार देखने में आया है कि प्रशासनिक दूरी और अन्य कारणों से विकास में असंतुलन एवं क्षेत्रीय उपेक्षा की स्थिति निर्मित होती है। वहीं संजय रोकड़े ने बताया कि निमाड़ क्षेत्र भौगोलिक रूप से सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला से लेकर विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के मध्य विस्तारित क्षेत्र में स्थित है, जो एक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक इकाई है। इसे पृथक प्रशासनिक पहचान मिलना आवश्यक है। रोकड़ेजी ने बताया कि प्रस्तावित निमाड़ संभाग में खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर तथा धार जिले के धामनोद, धरमपुरी, मनावर और कुक्षी क्षेत्रों को सम्मिलित किए जाने चाहिए।ये सभी क्षेत्र सांस्कृतिक रूप से निमाड़ से जुड़े हुए हैं यहां निमाड़ी भाषा- संस्कृति का व्यापक प्रयोग होता है।सामाजिक- आर्थिक परिस्थितियाँ भी समान हैं। संजय रोकड़े ने बताया कि निमाड़ संभाग गठन से प्रशासनिक सुगमता, सांस्कृतिक एवं भाषायी संरक्षण, संतुलित क्षेत्रीय विकास, नर्मदा घाटी एवं कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन के साथ-साथ लंबे समय से चली आ रही संगठित और शांतिपूर्ण जन मांग को सम्मान मिलेगा। कृष्णकांत रोकड़े ने कहा कि प्रस्तावित निमाड़ संभाग का मुख्यालय खरगोन होना सर्वाधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि खरगोन भौगोलिक रूप से निमाड़ क्षेत्र के केंद्र में स्थित है।सभी प्रस्तावित जिलों से संतुलित दूरी पर है।यहां प्रशासनिक आधारभूत संरचना के साथ ही सड़क संपर्क की सुविधा भी पहले से ही उपलब्ध हैं।इस अवसर पर निमाड़ महासंघ के प्रमुख संजय रोकड़े एवं सचिव कृष्णकांत रोकड़े ने संयुक्त रूप से संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र के सभी विधायकों से निवेदन किया है कि वे निमाड़ के व्यापक हित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पृथक निमाड़ संभाग के गठन एवं उसका मुख्यालय खरगोन किए जाने के समर्थन में आयोग और मुख्यमंत्री महोदय से इस मांग के समर्थन में पत्र लिखें।कहीं ऐसा न हो कि वर्चस्व की आपसी लड़ाई आमजन के लिए तकलीफ का कारण बन जाए, क्योंकि भौगोलिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से निमाड़ का केंद्र खरगोन ही है।



# प्रकाशोत्सव पर बही गुरु भक्ति की बयार

## विधायक पाटीदार ने गुरु के सर्वोच्च बलिदान को किया नमन, की लंगर सेवा




**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊं..। राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और वीरता के प्रतीक, सिख पंथ के दशम गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरुगोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर शनिवार को श्री गुरुद्वारा साहब में सुबह से देर शाम तक भक्ति की बयार बही। अखंड पाठ साहब समापन के बाद कीर्तन दरबार सजाया गया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर वरता गया, जिसमें सिक्ख संगत सहित शहरवासियों ने भी गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन कर गुरु प्रसादी ग्रहण की। श्री गुरुसिंघ सभा प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, सेक्रेंटरी गांधी ने बताया प्रकाशोत्सव निमित्त सुबह अखंड पाठ साहब समाप्ति की गई, जिसकी सेवा सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा परिवार ने की गई। इसके बाद कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें हजूरी रागी पवन सिंह एवं दिल्ली से विशेष तौर पर सतपाल सिंह के जत्थे ने अपनी ओजस्वी वाणी में अमृत रूपी गुरबाणी का जसगान उपस्थित संगत को भावविभोर कर दिया। प्रकाशोत्सव पर पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने श्री गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरुग्रंथ साहब के दर्शन करने के साथ ही गुरु के अटूट लंगर में परोसगारी की सेवा दी। इस दौरान गुरुसिंघ सभा ने विधायक पाटीदार का शॉल-सिरोपा भेंटकर सम्मान भी किया। समारोह में विधायक ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंघ जी ने अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ लड़ाइयां लड़ी थीं, इस लड़ाई में गुरु जी की तीन पीढ़ियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। वे एक महान कवि, निडर योद्धा, महान लेखक और संगीत के पारखी भी थे। उनका यही साहस, बलिदान और समर्पण उन्हें देवतुल्य बनाता है। कीर्तन समापन बाद दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक गुरुद्वारा साहिब में गुरु की अटूट लंगर वरता गया। इस दौरान प्रकाश पर्व पर सेवाएं प्रदान करने वाले सहयोगियों का सत्कार भी किया गया। सभा प्रधान भाटिया एवं सेक्रेटरी गांधी ने 8 दिवसीय प्रकाशोत्सव के दौरान प्रभातफेरी, नगर कीर्तन सहित कीर्तन दरबार के धार्मिक आयोजन में जिला प्रशासन, मीडिया, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका एवं सहयोगियों का आभार जताया। रात्रि में पुनः कीर्तन दरबार सजाया गया। इसके बाद प्रकाशोत्सव को विराम दिया गया।

### कीर्तन दरबार में शबद गायन से किया गुरु का जसगान

### श्री गुरु गोविंद सिंह साहेब जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा साहेब में शाम को विशेष दिवान सजा



**बड़वाह, निप्र।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 359 वे प्रकाश पर्व पर बड़वाह सिक्ख संगत द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में बड़वाह में गुरुद्वारा साहेब में विशेष दीवान में इंदौर से पधारे अमनदीप सिंह जी के जत्थे ने वाहों वाहों गुरु गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला, इन पुतरन के शीश पे वार दिए पुत चार शबदों से एवं कथा व्याख्या के माध्यम से गुरु जी का जस गायन किया। समिति के अध्यक्ष रविंदर सिंह ने बताया कि 12 दिवसीय आयोजनों में संगत ने उत्साह पूर्वक तन मन धन से सहयोग किया। सचिवद्वय मनप्रीत सिंह एवं सतविंदर सिंह ने जत्थे एवं पधारी हुई संगत का धन्यवाद किया एवं भविष्य में हर प्रोग्राम में उत्साह पूर्वक भाग लेने का आव्हान किया। समिति अध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि पिछले 12 दिनों से चल रहे आयोजनों का आज रात को समापन होगा, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रमुख और श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया अंत में आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## उन्नाव रेप केस आरोपी को जमानत मिलने पर भड़की भारतीय यूथ कांग्रेस,किया प्रदर्शन



**खरगोन, निप्र।** न्नाव रेप केस मामले में दोषी कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद भारतीय यूथ कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया है। सैकड़ों कार्यकर्ता शनिवार को बस स्टेंड परिसर में इकट्ठा हुए। यहां सेंगर को मिली जमानत का विरोध दर्ज कराते हुए इसे केंद्र सरकार की नाकामी करार देते हुए, आरोपी को पुन: जेल भेजने की मांग की। भारतीय यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रशांत सांवले, जिलाध्यक्ष रजत डंडीर, विधानसभा अध्यक्ष शाहरुख मिर्जा, शहर अध्यक्ष तैय्यब अली बोहरा, सुल्तान भुट्टो, रवि वास्कले, दीपक भालसे, तनवर शेख, अमजद खान आदि ने बसों में सवार होकर यात्रियों को घटना की जानकारी देते हुए उनका समर्थन जुटाया। पदाधिकारियों के साथ यात्रियों ने भी आरोपी को जमानत मिलने पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष डंडीर ने आक्रोश जताते हुए कहा कि बलात्कारी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दी जा रही है और पीड़िता को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यह बेहद निराशाजनक और शर्मनाक है। ऐसी घटनाएं हमारी सामाजिक व्यवस्था पर गहरा धब्बा हैं और समाज में इस तरह की ओछी मानसिकता के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। सेंगर आरोपी नहीं बल्कि दोषी है, इसलिए कोर्ट को इस मामले में स्वत: संज्ञान लेना चाहिए। न्याय, सम्मान और सुरक्षा पीड़िता का अधिकार है और यह उसे हर कीमत पर मिलना चाहिए।

### खाना बनाने की बात पर की थी पत्नि की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार



**मंडलेश्वर, निप्र।** महज खाना बनाने की बात पर बेरहमी से पत्नि की पिटाई कर फरार हुए हत्यारे पति को पुलिस ने गिरफ्तार करने की सफलता हासिल की है। मंडलेश्वर थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम सोमाखेड़ी में रामदेव पिता केसिया भावर ने अपनी ही पत्नि निर्मला बाई (40) को खाना बनाने की बात को लेकर आक्रोश में इस कदर पिटाई की कि महिला की मौत हो गई। हत्या के बाद रामदेव मौके से फरार हो गया था। इसकी सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर रामदेव की तलाश शुरु की गई। वहीं घटनास्थल पर अनुसंधान कर आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया। पुलिस टीम रामदेव को रात्रि में गिरफ्तार किया है।

## तनावमुक्त होकर पढ़ाई करें, सफलता जरूर मिलेगी



**भीकनगांव, निप्र।** स्थानीय दीप ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल भींकनगाव में आनंद सभा व मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को समझाते हुए विचार व्यक्त किए कि जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य तय करें और लक्ष्य भी बडा तय हो। आनंद विभाग के जिला समन्वयक के बी मंसारे ने आनंद सभा सत्र में पांच मिनट मौन ध्यान की गतिविधि भी कराई। तीस सेकंड की ताली की रोचक गतिविधि से छात्र छात्राओं को बहुत आनंद आया। बच्चों ने बताया कि हमें बहुत जल्दी क्रोध आता है।परीक्षा का तनाव रहता है।उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया गया। मंसारे ने कहा कि जीवन में असफलता को भी स्वीकार करें। घबराएं नहीं।समस्या का समाधान जरुर मिलेगा। सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े। प्रतिदिन घर पर सभी विषय को पढ़ें। मनोरंजक गतिविधियों से छात्र छात्राओं ने खूब आनंद लिया।शिक्षक साथियों शशीकांत पंडित एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। संस्था प्राचार्या श्रीमती प्रियंका जैन ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## सी एम के पुत्रों ने मलशमनेश्वर और गुप्तेश्वर के किए दर्शन




**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** पुण्य सलिला नर्मदा की परिक्रमा यात्रा पर निकले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दो पुत्रों और पुत्र वधुओं ने अपनी नर्मदा परिक्रमा यात्रा के दौरान पवित्र नगरी मंडलेश्वर स्थित निर्माणाधीन मलशमनेश्वर शिवालय पहुंचकर पौराणिक शिवालिंग की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री पुत्र वैभव यादव और अभिमन्यु यादव सपत्नीक शुक्रवार दोपहर बाद मंडलेश्वर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री का परिवार मलशमनेश्वर मंदिर दर्शन के बाद गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा।जहां नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने उनका स्वागत कर गुप्तेश्वर मंदिर और मलशमनेश्वर मंदिर के पौराणिक इतिहास की जानकारी प्रदान की और यहां हो रहे निर्माणकार्यों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर एस डी एम पूर्वा मंडलोई थाना प्रभारी दीपक यादव सी एम ओ संजय रावल मनोज शर्मा नितिन पाटीदार सहित आमजन उपस्थित थे।

## भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित, नए चेहरों को मिला दायित्व

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस बहुप्रतिक्षित जिला कार्यकारिणी की घोषणा को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्सुकता बनी हुई थी, जिसे शुक्रवार देररात सूची जारी होने पर विराम लगा दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बताया कि कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 9 मंत्री सहित कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, आईटी सेल संयोजक सहित मन की बात प्रभारियों के पदों पर निष्ठावान, सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को मनोनित किया गया है। कार्यकारिणी में वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती प्रभा राठौर, श्रीमती शालिनी रतोरिया, शिक्षाविद् डॉ. शंभूसिंह मनहर, महेंद्र यादव, जितेंद्र सुराना, डॉ. बद्री पाटीदार महेश्वर, मांगीलाल गाड़गे, प्रभात कैलाश पंडित उपाध्यक्ष बनाए गए है। जबकि विवेक भटोरे, हरेसिंह चावड़ा और प्रकाश पाटीदार को महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसी तरह श्रीमती अमिता मंत्री, श्रीमती शिंधु जोशी, दुलीचंद बांके, प्रहलाद रामलाल पटेल, सचिन सगर, संतोष राठौर, गोविंद बड़ोले, अनुराग दांगी, कैलाश जाट, को मंत्री का पद दिया गया है। डॉ. भीमसिंह जाटव कोषाध्यक्ष मनोनित किए गए है। कार्यालय मंत्री का दायित्व विजय पटेल को सौंपा गया है। जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा होंगे। आई सेल संयोजक शुभम जायसवाल होंगे। दीपक ठाकुर बड़वाह को मन की बता प्रभारी नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी में रायशुमारी एवं पारदर्शिता के साथ नए और पुराने चेहरों का समावेश किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सांसद गजेंद्र पटेल, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला आदि ने बधाई देते हुए पार्टी की रीति- नीतियों को जन- जन तक पहुंचाकर कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यालय मंत्री श्री पटेल ने बताया कि नवनियुक्ति पर पदाधिकारी स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम 29 दिसंबर को दोपहर 12 भाजपा कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा।

**एक नजर में** — खेल महोत्सव की डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत कर दिखाई गई

## सांसद खेल महोत्सव का समापन, 35000 से अधिक बालिका और महिलाओं ने हिस्सा लिया



**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** सांसद खेल महोत्सव खंडवा संसदीय क्षेत्र के समापन कार्यक्रम में 600 से अधिक खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए गए। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, विधायक कंचन तंनवे छाया मोरे, महापौर अमृता यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर, खेल महोत्सव समन्वयक जितेंद्र सुराणा, हरीश कोटवाले, सुभाष कोठारी, सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना की उपस्थिति में गरिमामय आयोजन हुआ। 1000 से अधिक खिलाड़ी एवं जनप्रतिनिधि वी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किशोर कुमार सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन की भी व्यवस्था की गई। बड़वाह की वॉलीबॉल विजेता तीनों टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस महोत्सव में लगभग 35000 से अधिक बालिका और महिलाओं ने हिस्सा लिया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं इस महोत्सव में नारी सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक कंचन तंनवे ने कहा कि आंगनबाड़ियों में आयोजित किया गया खेल महोत्सव एक नवाचार है। उन्होंने क्षेत्र में कबड्डी खेल को बड़े स्तर पर ले जाने के प्रयास किए जाएंगे। विधायक छाया मोरे ने कहा कि खंडवा संसदीय क्षेत्र में यह आयोजन ऊंचाइयों पर रहा। आयोजन समिति बधाई की पात्र है। महापौर अमृता यादव ने भी विजेता खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल महोत्सव के बारे में बताते हुए लोकसभा समन्वयक जितेंद्र सुराना ने बताया कि सुदूर बस्ती तक आयोजन हुए खेल महोत्सव में कम्युनिटी को जोड़ने का प्रयास किया। मीडिया, भाजपा कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों, महिला वर्ग एवं शासकीय अमले ने मिलकर खेलों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति की गई। उपस्थित जन समुदाय ने वंदे मातरम का गान किया। खिलाड़ियों की चलीत झांकी भी सजाई गई। खेल महोत्सव की डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत कर दिखाई गई। संचालन सागर अरतानी, यशदीप चौरे ने किया आभार व्यक्त तपन भाई और चंदू पचौरी ने किया।